रेलवे की ग्रुप-डी

एक लाख रिक्त पदों पर जल्द भर्ती निकलने की उम्मीद

कासं/अजमेर। रेलवे में नौकरी करने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे की ओर से जल्द ही ग्रुप डी में 1 लाख रिक्त पदों पर भर्ती आने की संभावना है। वहीं टेक्निशियन के पदों पर निकलने वाली भर्ती में पदों की संख्या बढ़ सकती है। रेलवे में हाल ही में 1 लाख 38 हजार पदों पर भर्ती पूरी हो गई है। अभी भी 2 लाख 40 हजार पदों पर भर्ती होना बाकी है। कर्मचारियों की मांग पर रेलवे ने ग्रुप डी और पैरामेडिकल पदों पर भर्ती निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में सभी जोन रेलवे से रिक्त पदों का आंकलन 2025 तक मांगा गया है। माना जा रहा है कि ग्रुप डी के 1 लाख पदों पर भर्ती की जा सकती है। इसके अलावा सहायक लोको पायलट के रिक्त पदों की संख्या बढ़ाकर 18799 की जा सकती है। वहीं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों पर भर्ती की भी संभावना है। माना जा रहा है कि इसमें करीब 5 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा सकती है। वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या 5696 है। जबकि टेक्निशियन भर्ती में भी पदों की संख्या बढ़ाकर 30 हजार तक की जा सकती है।